भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16. महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली – 110002

वेबसाइट :www.bsgindia.org ईमेल आईडी :info@bsgindia.org दूरभाष :+91-11-23370724 . 23378667

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 47 / 2020

दिनांक : 18 अप्रैल, 2020

विषय :- इण्डिया कोविन एक्शन नेटवर्क (I-CAN) स्थानीय रुप से कोविड -1 9 मुद्दों को हल करने विषयक् ।

महोदय/महोदया,

कोविड - 1 9 के प्रकोप के संबंध में आपको भेजे गये हमारे पूर्व के परिपत्रों और पत्रों के क्रम में हमें कोविड - 1 9 के खतरे से निपटने के लिये राज्य / केन्द्र शासित प्रदेशों, जिलों एवं स्थानीय प्रशासन और एजेंसियों की सहायता के लिये आपके द्वारा किये गये प्रयासों को अभिलेखित करने का अवसर प्राप्त हुआ । हम हमारे स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स और वयस्क नेताओं द्वारा कोविड योद्धाओं के रुप में किये गये उनके कार्यो की सहृदय सराहना करते हैं ।

आपको सूचित करना है कि हाल ही में नीति आयोग, भारत सरकार को रामभाऊ महालगी प्रबोधिनी, मुंबई और कनेक्टिंग ड्रीम फाउंडेशन, दिल्ली इन दो ऐसे सी. एस. ओ. के बारे में पता चला है जो इन चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों में मदद चाहने वालों और मदद करने वाले लोगों के बीच परेशानी मुक्त संपर्क स्थापित करने हेतु एक मंच का शुभारंभ करने के लिये एक साथ आए हैं । ‘‘इण्डिया कोविन एक्शन नेटवर्क (I-CAN) नामक यह मंच मदद चाहने वालो और मदद करने वालों’’ का पता लगाने हेतु गूगल मेप की सहायता लेता है और इस तरह उन्हें स्थानीय रुप से कोविड - 1 9 मुद्दों को हल करने हेतु जोड़ता है । यह स्वयंसेवकों को घर पर रहने के दौरान मदद करने एवं कोविड - 1 9 के खिलाफ भारत के युद्ध में ‘‘ कोविन योद्धा’’ बनने का अवसर प्रदान करता है । (नीति आयोग में उनके द्वारा की गई प्रस्तुति की प्रति आपके सुलभ संदर्भ हेतु अनुलग्नक - 1 संलग्न है) ।

इस अवसर पर हम सभी राज्य संघों से अपील करते हैं कि वे जिला संघ के साथ-साथ स्थानीय संघ एवं जमीनी स्तर पर सभी को इस विषय से अवगत कराने के लिये आगे आएं एवं इस पहल में भागीदार बनें । आप https://cowinactionnetwork.in पर जाकर I-CAN के भागीदार के रुप में पंजीकरण कर सकते हैं । हमारा मजबूत स्थानीय नेटवर्क और I-CAN मंच उन लोगों को संसाधन प्रदान करने में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, जिन्हें इसकी आवश्यक्ता है । (I-CAN मंच की मुख्य विशेषताएँ अनुलग्नक - 2 पर भी संलग्न हैं) ।

हमें विश्वास है, कि ‘‘ कोविन योद्धाओं’’ ‘‘हेल्प गिवर्स’’ और ‘‘हेल्प सीकर्स’’ के संयुक्त प्रयासों से हमारा देश निश्चित रुप से कोविड - 1 9 के खिलाफ इस लड़ाई को जीत सकता है ।

इस संबंध में हम आपके सहयोग एवं प्रयासों की अपेक्षा करते हैं ।

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

संलग्न : उक्तानुसार ।

प्रतिलिपि प्रस्तुत : माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को सादर सूचनार्थ प्रस्तुत ।

प्रतिलिपि :-

01- समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।

02- अध्यक्ष / सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।

03- आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18, इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत शिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016 ।

04- आयुक्त , नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी-15, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201309 ।

05- समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथ क्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ ।

06- श्री अमिताभ कांत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रॉंस्फार्मिंग इण्डिया, नीति आयोग, भारत सरकार को उनके अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक M – 11011 / 8 / 2020 - SJE अप्रैल 1 7 ,2 0 2 0 के परिपेक्ष में सादर सूचनार्थ ।